भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2290
गुरुवार, 12 फरवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन विनियामक निकायों में श्रमशक्ति की कमी

2290. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) वर्तमान में सभी प्रमुख विमानन विनियामक निकायों में तकनीकी और परिचालन संबंधी कुल रिक्त पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या श्रमशक्ति की इस कमी का इन निकायों द्वारा किए जाने वाले सुरक्षा ऑडिट, निरीक्षण और निगरानी कार्यक्रमों की आवृत्ति और गहनता पर प्रभाव पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए आवश्यक अत्यधिक विशेषज्ञता प्राप्त और तकनीकी कर्मियों को आकर्षित करने, प्रशिक्षित करने और बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे है विशेष कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में स्वीकृत पदों की संख्या 1630 है। इन 1630 पदों में से डीजीसीए के पुर्नागठन के एक भाग के रूप में नागर विमानन के भविष्य के विस्तार को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2022 से 2024 तक की अवधि के दौरान 441 पद (426 तकनीकी और 15 गैर-तकनीकी पद) सृजित किए गए हैं। डीजीसीए में रिक्त पदों की संख्या 787 है। पिछले 4 माह में डीजीसीए में मैनपावर को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं ।

i. 15 अधिकारियों/कर्मचारियों और 09 उड़ान परिचालन निरीक्षकों (एफओआई) ने कार्यभार ग्रहण किया है।

ii.31 अधिकारियों की डीपीसी पूरी हो गई है।

iii. 164 तकनीकी अधिकारियों 1 एफओआई और 3 आशुलिपिकों को कार्यभार ग्रहण करने के लिए चयनित कर लिया गया है ।

iV. विभिन्न संवर्गों के 94 पदों के लिए डीआर प्रस्ताव विभिन्न चरणों में है ।

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की स्वीकृत पदों की संख्या 598 है, जिनमें से 230 पद रिक्त हैं। प्रभावी पर्यवेक्षण को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2024 में अतिरिक्त 84 पद सृजित किए गए हैं।

इस कमी का इन संगठनों के कामकाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके अलावा, अपेक्षित मैनपॉवर की समय पर और निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती के सभी तरीकों

को सख्ती से अनुपालन किया जाता है। विज्ञापनों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया, चयनित उम्मीदवारों का शामिल न होना, प्रतिनियुक्ति पदों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया और अन्य जैसे कारणों से उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के कारण अंतराल में आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, अल्पकालिक संविदात्मक भर्ती के माध्यम से व्यक्तियों की भर्ती करने का प्रयास किया जाता है।

नियामक के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए संरचना और सतत क्षमता निर्माण फ्रेमवर्क स्थापित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित अंतरराष्ट्रीय मानकों, तकनीकी प्रगति और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप अद्यतन किया जाता है।

******